फोन नं0—05442—245381

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बथुआ गॉधीघाट नकहरा रोड, मीरजापुर।
Email Id- jalnigam3@gmail.com Mo. No.- 9473942677

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
मीरजापुर।

पत्रांक 4741 / एम—6 / 30 दिनांक 12.05.2026

विषयः— जनपद मीरजापुर के हिन्दुस्तान ई—समाचार पत्र में दिनांक 12.05.2026 को "पेयजल संकट पर सख्त हुए डीएम, एफआईआर की चेतावनी" शीर्षक से प्रसारित समाचार की आख्या।

महोदय,

उपरोक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि जनपद मीरजापुर के हिन्दुस्तान ई—समाचार पत्र में दिनांक 12.05.2026 को "पेयजल संकट पर सख्त हुए डीएम, एफआईआर की चेतावनी" शीर्षक शिकायत प्राप्त हुई है। उक्त के संबंध में अवगत कराना है कि दिनांक 11.05.2026 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आहूत की गयी। बैठक में मा0 विधायक मडिहान, सदर एवं मझंवा विधान सभा क्षेत्र, मा0 जिलाध्यक्ष, अपना दल (एस), मा0 एम0एल0सी0 प्रतिनिधि, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, विभागीय अभियन्ताओं, समस्त एजेन्सी के प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एम0सी0, टी0पी0आई0 इत्यादि द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त हुयी पाइप लाइनों/हाउस कनेक्शनों का मरम्मतीकरण न किये जाने पर नाराजगी व्यक्त की गयी। शतप्रतिशत जलापूर्ति न किये जाने के कम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोष व्यक्त करते हुये 10 दिनों का समय प्रदान कर निर्देशित किया कि उक्त समयावधि के अन्दर समस्त जनप्रतिनिधियों द्वारा बैठक में वर्णित समस्याओं का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित एजेन्सी के विरूद्ध एफ0आई0आर0 दर्ज कराने की कार्यवाही की जायेगी। उपरोक्त वर्णित समस्त बिन्दुओ के अनुपालनार्थ निर्माण एजेन्सियों को मैन पावर बढ़ाते हुये दिये गये समयावधि के अन्तर्गत जलापूर्ति सुचारू किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।




भवदीय

(राजेश कुमार गुप्ता)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2 मुख्य विकास अधिकारी, मीरजापुर।
3 जिला सूचना अधिकारी, मीरजापुर।

अधिशासी अभियन्ता